

मुझे लगता है कि यहां मौजूद कोई भी खिलाड़ी इस पुरस्कार को जीतने की हकदार थी और इस समय यहां खड़े होकर यह भाषण दे सकती थी। आप सभी के साथ खेलना मेरे लिए बेहद खुशी की बात है। – एलेक्सिया पुटेलास

स्पेन की फुटबॉलर, तीसरी बार महिला बैलन डी ओर पुरस्कार जीतने के बाद।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



पीटी उषा

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा कि 2029 में होने वालीआईडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप का अहमदाबाद आना भारतीय खेलों के लिए गर्व का क्षण और भारत के लिए दुनिया का स्वागत करने का एक और अवसर है। भारतीय वेटलिफ्टिंग ने हमें शानदार चैंपियन दिए हैं, जिनमें ओलंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियन मीराबाई चानू शामिल हैं, जिनकी उपलब्धियों ने पूरे देश में कई लोगों को प्रेरित किया है। दुनिया के बेहतरीन वेटलिफ्टरों को भारत लाने से नई पीढ़ी को उन्हें अपने ही देश में मुकाबला करते देखने का मौका मिलेगा।

क्या आप जानते हैं ?... 25 जून 1983 को कप्तान कपिल देव के नेतृत्व में लॉर्ड्स के मैदान पर वेस्टइंडीज को 43 रनों से हराकर अपना पहला क्रिकेट विश्व कप जीता था।

टी-20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बने अभिषेक, विराट को छोड़ा पीछे



वेलिंगटन, 27 अक्टूबर। भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने टी-20 क्रिकेट में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। वह टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। अभिषेक ने मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 38 गेंदों पर 113 रनों की तूफानी पारी खेलकर यह उपलब्धि हासिल की। उनकी पारी में नौ चौके और 11 छक्के शामिल रहे। उनका स्ट्राइक रेट 297.37 का रहा। अभिषेक के नाम अब टी-20 क्रिकेट में 11 शतक हो गए हैं, जबकि विराट कोहली ने इस प्रारूप में 10 शतक लगाए हैं। दुनिया में टी-20 क्रिकेट में उनसे ज्यादा शतक केवल वेस्टइंडीज के क्रिस गेल (22) और पाकिस्तान के बाबर आजम (13) के नाम हैं। इस तरह अभिषेक टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

अरावली क्रिकेट अकादमी ने जीता अंडर-14 मानसून कप



जयपुर, 27 अक्टूबर। अंडर-14 मानसून कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अरावली क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कैंडलविक क्रिकेट अकादमी को 40 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अरावली क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवर में 7 विकेट पर 222 रन बनाए। सूर्यांश ने 66 और ठाीक ने 35 रन का योगदान दिया। कैंडलविक क्रिकेट अकादमी की ओर से वत्सल शर्मा ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कैंडलविक क्रिकेट अकादमी की टीम 39.2 ओवर में 182 रन पर ऑलआउट हो गई। आरव शर्मा ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। अरावली की ओर से प्रणय यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए, जबकि आर्यन सिंह ने दो विकेट हासिल किए। शानदार गेंदबाजी के लिए प्रणय यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

नारायणा क्रिकेट अकादमी ने चार विकेट से जीता मुकाबला



जयपुर, 27 अक्टूबर। सोनी क्रिकेट स्टेडियम पर चल रहे प्रथम कर्नल बिशन सिंह राठौड़ क्रिकेट टूर्नामेंट में नारायणा क्रिकेट अकादमी ने केबी रॉयल क्रिकेट अकादमी को चार विकेट से हरा दिया। यशवर्धन बिश्नोई को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केबी रॉयल क्रिकेट अकादमी की टीम 37.2 ओवर में 177 रन पर ऑलआउट हो गई। सुमित सैनी ने 44 रन बनाए। नारायणा क्रिकेट अकादमी की ओर से यशवर्धन बिश्नोई ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट हासिल किए। जवाब में नारायणा क्रिकेट अकादमी ने विकास मांजू की नाबाद 81 रन और निशांत गुर्जर की 47 रन की पारी की बदौलत 32.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। केबी रॉयल क्रिकेट अकादमी की ओर से उज्ज्वल चौधरी ने तीन विकेट लिए। इस तरह नारायणा क्रिकेट अकादमी ने चार विकेट से मुकाबला अपने नाम किया।

तारिक क्रिकेट एकेडमी 37 रन से जीती



जयपुर, 27 अक्टूबर। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित यूथ कप अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में तारिक क्रिकेट एकेडमी ने एमई एकेडमी को 37 रन से हराया। जीआर ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तारिक क्रिकेट एकेडमी ने नीरज के 34, नीरज प्रताप के 38 और युवराज सैनी के 22 रनों की मदद से 44.3 ओवर में 128 रन बनाए। एमई एकेडमी की ओर से अक्षत शर्मा ने तीन, वेदांत ने दो तथा नुमान और ईजान कुरैशी ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमई एकेडमी की टीम अनस अजहर के 16, वेदांत के 25 और आराध्य शर्मा के 13 रनों के बावजूद 24.4 ओवर में 91 रन पर सिमट गई। तारिक क्रिकेट एकेडमी की ओर से गणवेश और अर्जुन प्रताप ने दो-दो विकेट लिए, जबकि विवेक, सीधी और हिमांशु ने एक-एक विकेट हासिल किया। इस तरह तारिक क्रिकेट एकेडमी ने 37 रन से जीत दर्ज की।

अभिषेक के तूफानी शतक से भारत ने जीती सीरीज, न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हराया

वेलिंगटन, 27 अक्टूबर। अभिषेक शर्मा के तूफानी शतक की बदौलत भारतीय क्रिकेट टीम ने मंगलवार को पांच मैचों की टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। अभिषेक ने महज 35 गेंदों में शतक पूरा किया और 38 गेंदों पर 113 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 11 छक्के और 9 चौके लगाए। भारत ने 199 रनों का लक्ष्य केवल 13.2 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी ने तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों ने जैकब डफी के पहले ओवर में 26 रन बटोरे। दूसरे ओवर में 17 और तीसरे ओवर में 21 रन बने। इस तरह भारत ने महज तीन ओवर में बिना विकेट खोए 64 रन बना लिए। भारतीय बल्लेबाजों का आक्रामक अंदाज पावरप्ले में भी जारी रहा। टीम ने चौथे ओवर में 20, पांचवें में 16 और छठे ओवर में 18 रन बनाए। भारत ने छह ओवर में बिना किसी नुकसान के 118 रन बना डाले।



अभिषेक ने महज 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। मैथ्यू फिशर ने आठवें ओवर में वैभव सूर्यवंशी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। वैभव ने 19 गेंदों पर 45 रन बनाए, जिसमें चार छक्के और चार चौके शामिल रहे। हालांकि, अभिषेक ने इसी ओवर में दो छक्के और एक चौका जड़कर भारतीय टीम को 156 रन तक पहुंचा दिया। अभिषेक ने काइल जैमीसन के खिलाफ 10वें ओवर में महज 35 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। इसके बाद भी उनका आक्रामक खेल जारी रहा। जैमीसन ने अंतत: उन्हें 113 रन के निजी स्कोर पर आउट किया। अभिषेक ने 38 गेंदों की अपनी पारी में 11 छक्के और नौ चौके लगाए। इसके बाद श्रेयस अय्यर और संजू सैमसन के विकेट गिरने से भारत की रफ्तार कुछ धीमी हुई लेकिन टीम ने 40 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड की ओर से जैमीसन ने दो विकेट लिए, जबकि फिशर और मिचेल सैंटनर को एक-एक विकेट मिला। हालांकि, न्यूजीलैंड का कोई भी गेंदबाज 12 रन प्रति ओवर से कम की दर से रन खर्च नहीं कर सका।

कर्टिस हेफी की जुझारू पारी के बावजूद खराब रोशनी के चलते भारत-ए टीम का न्यूजीलैंड-ए से मुकाबला ड्रॉ

लिंकन, 27 अक्टूबर। कर्टिस हेफी की नाबाद 90 रन की जुझारू पारी और खराब रोशनी के कारण भारतीय ए क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड ए के खिलाफ चार दिवसीय पहले मुकाबले में जीत से एक विकेट दूर रह गई। न्यूजीलैंड ए ने दूसरी पारी में नौ विकेट पर 187 रन बनाए, जिसके बाद खराब रोशनी के कारण खेल रोकना पड़ा और मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। 313 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ए की टीम एक समय 170 रन पर नौ विकेट गंवा चुकी थी। हेफी और 11वें नंबर के बल्लेबाज जेडन लेनॉक्स ने आखिरी विकेट के लिए भारतीय गेंदबाजों को सफलता से दूर रखा। दोनों ने करीब 10 ओवर तक बल्लेबाजी की। दिन का खेल समाप्त होने में लगभग 17 ओवर बाकी थे, लेकिन खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने खिलाड़ियों को मैदान से बाहर बुला लिया। भारत ए की ओर से आकिब नबी ने आखिरी दिन शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने आठ गेंदों के भीतर तीन विकेट लेकर न्यूजीलैंड ए के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। उन्होंने अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद पर राइस मारियू को बोल्ड किया। इसी ओवर की अंतिम गेंद पर टिम रॉबिन्सन को पगबाधा आउट किया। इसके बाद अपने तीसरे ओवर में मैथ्यू बॉयल को बोल्ड कर न्यूजीलैंड ए की मुश्किलें बढ़ा दीं। 13 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद हेफी और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 78 रन जोड़े। फॉक्सक्रॉफ्ट 42 रन बनाकर मुकेश चौधरी की गेंद पर पुल शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए। इसके बाद मिचेल हे को अंशुल कंबोज ने विकेट के पीछे कैच कराया। 110 रन पर पांच विकेट गिरने के बाद न्यूजीलैंड ए की पारी लड़खड़ा गई। टी ब्रेक से ठीक पहले वॉशिंगटन सुंदर ने छठा विकेट लेकर भारत ए को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। चाय के बाद कप्तान ध्रुव जुरेल ने देवदत्त पडिक्कल को गेंद सौंपी। पडिक्कल ने फ्रेजर शीट और जैक गिब्सन को लगातार आउट किया। दोनों बल्लेबाजों केएल राहुल के हाथों पहली स्लिप में कैच आउट हुए। न्यूजीलैंड ए ने महज 39 रन के भीतर चार विकेट गंवा दिए, लेकिन हेफी और लेनॉक्स ने खराब होती रोशनी का फायदा उठाते हुए मुकाबले को ड्रॉ करा दिया।

जूनियर नेशनल तीरंदाजी में राजस्थान का शानदार प्रदर्शन, प्रतिभा के दो पदक

जयपुर, 27 अक्टूबर। जयपुर के जगतपुरा स्थित तीरंदाजी रेंज पर आयोजित 46वीं जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप का भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन इंडियन राउंड के व्यक्तिगत मुकाबलों और मेडल मैचों में राजस्थान के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए।

राजस्थान तीरंदाजी संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि प्रतिभा कंडारा ने महिला 30 30 मीटर रैंकिंग राउंड में 665 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने महिला व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड में कांस्य पदक भी हासिल किया। युवराज वर्मा ने पुरुष व्यक्तिगत एलिमिनेशन में 6-2 के सेट स्कोर से जीत दर्ज कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

राजस्थान की प्रतिभा कंडारा और युवराज वर्मा की जोड़ी ने मिक्स टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। वहीं, पुरुष टीम स्पर्धा में युवराज वर्मा, शोभित जांगिड़, अर्पित बाडिवाल और उदयपाल की टीम ने रजत पदक हासिल किया। इस तरह अंतिम दिन राजस्थान के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते। समापन समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जनेश तंवर, राजस्थान तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह और वरिष्ठ खेल प्रशासक दुर्गा शंकर शर्मा मौजूद रहे। अतिथियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हनुमानगढ़ और चूरू फाइनल में

सादुलपुर (चूरू), 27 अक्टूबर। हॉकी राजस्थान के तत्वावधान में सादुलपुर में आयोजित 16वीं राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबलों में हनुमानगढ़ और चूरू ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में हनुमानगढ़ ने टोंक को 3-1 से पराजित किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में चूरू ने जयपुर को 3-2 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। प्रतियोगिता का फाइनल बुधवार को दोपहर एक बजे खेला जाएगा। समापन समारोह में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ और सांसद प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया मुख्य अतिथि होंगे।

हरमनप्रीत और दीप्ति को आईसीसी रैंकिंग में फायदा

दुबई, 27 अक्टूबर। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में शतक जड़ने वाली पूर्व भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को आईसीसी की ताजा महिला एकदिवसीय रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। वहीं, भारतीय कप्तान और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान गंवा दिया है। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट फिर से दुनिया की नंबर वन एकदिवसीय बल्लेबाज बन गई हैं।

खिलाड़ियों को डोपिंग सामग्री देने पर पांच साल की जेल, मांडविया लाएंगे कड़ा बिल

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अधिनियम में संशोधन संसद के अगले सत्र में पेश किए जाएंगे। इन संशोधनों के तहत खिलाड़ियों को प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी और आपूर्ति करने वालों के लिए पांच साल तक की जेल की सजा का प्रावधान होगा। मांडविया ने यहां खेल में डोपिंग के खिलाफ यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के तहत आयोजित दो बैठकों की अध्यक्षता करने के बाद यह बात कही। संसद का शीतकालीन सत्र नवंबर के अंतिम सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। उन्होंने कहा, "भारत का दृढ़ विश्वास है कि खेलों में उत्कृष्टता के साथ हमेशा ईमानदारी भी होनी चाहिए।

नेशनल स्क्वैश में राजस्थान के छह खिलाड़ी सेमीफाइनल में

गौरवी, इनाया, युवान, दिव्यांशी, जैन अली और सुभाष ने अंतिम चार में बनाई जगह



जयपुर, 27 अक्टूबर। सवाई मानसिंह स्टेडियम के कोर्ट्स पर चल रही सब जूनियर और जूनियर नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप में राजस्थान के छह खिलाड़ियों ने अपने-अपने आयु वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर पदक पक्के कर लिए। इनमें गौरवी अजमेरा, इनाया अंद्रावी, युवान वर्मा, दिव्यांशी जैन, जैन अली और सुभाष चौधरी शामिल हैं।

मंगलवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में अंडर-11 गर्ल्स वर्ग में गौरवी अजमेरा ने कर्नाटक की इरिया चंद्रा को 3-0 से और इनाया अंद्रावी ने तमिलनाडु की बरिशा बेगम को 3-2 से हराया। इसी वर्ग के बॉयज में युवान वर्मा ने तमिलनाडु के कंधा स्वामी को 3-1 से शिकस्त दी। अंडर-15 गर्ल्स वर्ग में दिव्यांशी जैन ने तमिलनाडु की दिवा परसरामपुरिया को 3-1 से पराजित किया। अंडर-13 बॉयज में जैन अली ने दिल्ली के निर्वान उप्पल को 3-2 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं, अंडर-19 बॉयज में सुभाष चौधरी ने दिल्ली के राघव वशिष्ठ को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

आज होंगे सेमीफाइनल मुकाबले – सेमीफाइनल में गौरवी अजमेरा का मुकाबला झारखंड की अविषा अग्रवाल से, इनाया अंद्रावी का हरियाणा की अवनि नंदल से और युवान वर्मा का दिल्ली के रुद्रांश प्रभाकर से होगा। दिव्यांशी जैन तमिलनाडु की गौशिका एम तथा जैन अली कर्नाटक के आर्यन एसके के खिलाफ खेलेंगे। आयोजन सचिव और पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश खिलाड़ी सुरभि मिश्रा के अनुसार, प्रतियोगिता में बुधवार को सभी आयु वर्गों के सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

राजस्थान को रणजी में पहली पारी की बढ़त

जयपुर, 27 अक्टूबर। बीसीसीआई की घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिताओं में राजस्थान की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। रणजी ट्रॉफी में राजस्थान ने उत्तराखंड के खिलाफ पहली पारी में बढ़त हासिल की, जबकि सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी में सौराष्ट्र को 8 रन से हराया। वहीं, अंडर-23 ट्रॉफी में मुंबई के खिलाफ पहले दिन राजस्थान ने चार विकेट पर 295 रन बनाकर मजबूत स्थिति हासिल की।

रणजी ट्रॉफी: राजस्थान को 78 रन की पहली पारी में बढ़त



देहरादून में राजस्थान और उत्तराखंड के बीच खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुकाबले के दूसरे दिन राजस्थान के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। राजस्थान की पहली पारी 272 रन पर सिमटने के बाद उत्तराखंड की टीम 194 रन पर आउट हो गई। इस तरह राजस्थान को पहली पारी में 78 रन की बढ़त मिली। राजस्थान की ओर से तेजस्वी जायसवाल ने 45 रन बनाए। गेंदबाजी में अजय सिंह कूकना ने 66 रन देकर पांच विकेट झटके, जबकि मोहित छांगरा ने दो विकेट लिए। विशाल हर्ष और अनिकेत चौधरी को एक-एक विकेट मिला। अनिकेत चौधरी ने घरेलू क्रिकेट में अपने 500 विकेट पूरे कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 39 रन बना लिए थे। इसके साथ ही टीम की कुल बढ़त 117 रन हो गई।

सीनियर महिला टी-20: राजस्थान ने सौराष्ट्र को 8 रन से हराया

बीसीसीआई सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी में राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सौराष्ट्र को 8 रन से पराजित किया। राजस्थान की जीत में सुमन मीणा ने बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने छह विकेट पर 119 रन बनाए। डिंपल कंवर ने 38, सुमन मीणा ने 33, सुमित्रा जाट ने 18 और संगीता कुमावत ने 13 रन बनाए। सौराष्ट्र की ओर से सलोनी डोंगरे और नेहा चावड़ा ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में सौराष्ट्र की टीम आठ विकेट पर 111 रन ही बना सकी। आयुषी पटेल ने 34 और कृषि ठक्कर ने 33 रन बनाए। राजस्थान की ओर से सुमन मीणा ने 16 रन देकर चार विकेट हासिल किए। सोनल कलाल ने दो तथा शानू सेन ने एक विकेट लिया। सुमन के ऑलराउंड प्रदर्शन ने राजस्थान की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई।

अंडर-23 ट्रॉफी: मुंबई के खिलाफ राजस्थान के बल्लेबाज चमके

मुंबई में राजस्थान और मुंबई के बीच शुरू हुए बीसीसीआई अंडर-23 ट्रॉफी मुकाबले के पहले दिन राजस्थान के बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया। टीम ने दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में चार विकेट पर 295 रन बना लिए। राजस्थान की ओर से करण सिंह 81 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि मुकुल चौधरी ने नाबाद 60 रन की पारी खेली। पार्थ यादव ने 75 और प्रशांत माली ने 38 रन का योगदान दिया। सर्वज्ञ पानेरी ने 18 रन बनाए। मुंबई की ओर से अभय पटेल ने 61 रन देकर तीन विकेट लिए। राजस्थान की टीम मजबूत स्थिति में है और दूसरे दिन बड़े स्कोर की ओर बढ़ने का प्रयास करेगी।

अंडर-16 और अंडर-23 महिला क्रिकेट के अभ्यास मैच आज से

राजस्थान क्रिकेट में आगामी सत्र 2026-27 की तैयारियों के तहत अंडर-16 और अंडर-23 महिला टीमों के अभ्यास मैच बुधवार, 28 अक्टूबर से खेले जाएंगे। अंडर-16 वर्ग में तीन दिवसीय अभ्यास मैचों की शुरुआत 28 अक्टूबर से होगी। पहला मुकाबला टीम ए और टीम सी के बीच केएल सैनी स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला टीम बी और टीम डी के बीच एएम स्क्वायर ग्राउंड पर आयोजित होगा।

अजीम गोल्ड कप टी-20 : अरविंद का शतक, ध्रुव और अमन के अर्धशतक से इंस्पायर अकादमी की जीत





जयपुर, 27 अक्टूबर। रेलवे क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे अजीम गोल्ड कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में इंस्पायर क्रिकेट अकादमी ने जयपुर क्लब को छह विकेट से, जबकि अंकित अग्रवाल क्रिकेट अकादमी ने डीएस क्रिकेट अकादमी को 10 विकेट से हराया। पहले मुकाबले में जयपुर क्लब ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 182 रन बनाए। मनन सिंह शेखावत ने 40 और मोहम्मद कुबेब ने 38 रन का योगदान दिया। इंस्पायर क्रिकेट अकादमी की ओर से मोहित ने तीन और रजत सिंह ने दो विकेट लिए। जवाब में इंस्पायर अकादमी ने 17.5 ओवर में चार विकेट पर 185 रन बनाकर जीत दर्ज की। ध्रुव खंडेलवाल ने 70 रन और अमन कृष्णा ने नाबाद 50 रन बनाए। ध्रुव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में डीएस क्रिकेट अकादमी ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 161 रन बनाए। रोहित कुमार ने नाबाद 60 रन की पारी खेली। अंकित अग्रवाल क्रिकेट अकादमी की ओर से अरविंद ने चार और एकांश ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अंकित अग्रवाल अकादमी ने बिना विकेट खोए 11 ओवर में 162 रन बनाकर 10 विकेट से जीत हासिल की। अरविंद ने नाबाद 107 रन और मुकीम ने 50 रन बनाए। शानदार प्रदर्शन के लिए अरविंद को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

दुनिया ने मजाक बनाया, लेकिन नीतू चौहान ने मेहनत और जुनून से बनाई पहचान

राजस्थान पुलिस की पहली महिला पावरलिफ्टर

(ज़ाकिर हुसैन)

जयपुर, 27 अक्टूबर। एक पुरानी कहावत मशहूर है कि जीत का असली आनंद तब मिलता है, जब लोग आपकी हार की उम्मीद कर रहे हों। ऐसे समय में आत्मविश्वास बनाए रखते हुए शत-प्रतिशत प्रयास करना ही सफलता की कुंजी है। इस कहावत को चरितार्थ करते हुए दिखती है राजस्थान पुलिस की पहली महिला पावरलिफ्टर निरीक्षक नीतू चौहान वर्तमान में राजस्थान पुलिस मुख्यालय में पुलिस दूरसंचार शाखा में पदस्थापित हैं। इसके साथ ही वे सोशल मीडिया प्रभारी के तौर पर भी कार्य कर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि से राजस्थान पुलिस और प्रदेश का गौरव बढ़ा है।

46 वर्षीय नीतू ने दो साल पहले पावरलिफ्टिंग शुरू की और अपनी मेहनत, लगन व समर्पण से इस खेल में पहचान बनाई। राजस्थान पुलिस की निरीक्षक नीतू चौहान ने वर्ष 2021 में पहली बार आधिकारिक तौर पर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। शुरुआती प्रतियोगिताओं में मिली सफलता ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाया और इस खेल के प्रति उनका लगाव मजबूत होता गया। आज पावरलिफ्टिंग उनके लिए करियर नहीं, बल्कि जुनून और फिटनेस का माध्यम है।

नीतू चौहान बताती हैं कि बचपन से उन्हें खेलों का शौक था और वह शौकिया तौर पर बैडमिंटन खेलती थीं। फिटनेस बनाए रखने के लिए उन्होंने वर्ष 2010 में जिम जाना शुरू किया। वह नियमित रूप से कसरत करती थीं। इसी दौरान उनके जिम के संचालक महेश कुमार खंडेलवाल ने उन्हें पावरलिफ्टिंग में हाथ आजमाने के लिए प्रेरित किया। नीतू ने जब 44 वर्ष की उम्र में प्रतियोगिताओं में उतरने को लेकर संकोच जताया, तो महेश खंडेलवाल ने उन्हें बताया कि पावरलिफ्टिंग में मास्टर्स वर्ग के जरिए अधिक उम्र में भी खेल जारी रखा जा सकता है। महेश के पुत्र अश्वनी खंडेलवाल ने भी उन्हें प्रोत्साहित किया। दोनों गुरुजनों के मार्गदर्शन से उन्होंने प्रतियोगिताओं की तैयारी शुरू कर दी।



पहली ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक

नीतू चौहान ने जुलाई 2021 में जिला स्तरीय, अगस्त में राज्य स्तरीय और नवंबर 2021 में राष्ट्रीय स्तर की इक्विप्ड बेंच प्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके बाद अप्रैल 2022 में केरल के अलीप्पी में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में कुल 180 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक हासिल किया।

पुलिस सेवा करियर, पावरलिफ्टिंग जुनून

नीतू चौहान ने वर्ष 1999 में प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर पुलिस सेवा को अपने करियर के रूप में चुना। उनके लिए पुलिस की जिम्मेदारियों के साथ खेल और फिटनेस को नियमित बनाए रखना एक अहम हिस्सा है। वह कहती हैं कि पावरलिफ्टिंग उनका पेशा नहीं, बल्कि शौक है, जिसे वह पूरी लगन से निभाती हैं। उनकी खेल यात्रा में वर्ष 2023 एक भावनात्मक मोड़ लेकर आया, जब उनके पिता का निधन हो गया। इस घटना के बाद उन्होंने खेलना बंद कर दिया। हालांकि, पिता की प्रेरणा और उनके प्रोत्साहन की यादों ने उन्हें वर्ष 2025 में दोबारा मैदान में लौटने का हौसला दिया। अब उनका सपना बेंच प्रेस में अपने शरीर के वजन के बराबर वजन उठाना है।



नियमित दिनचर्या और परिवार का सहयोग

नीतू चौहान अपनी सफलता में परिवार और कोच के योगदान को महत्वपूर्ण मानती हैं। वह बताती हैं कि वह जिम जाना कभी नहीं छोड़तीं। सुबह घर का खाना तैयार करने के बाद जिम जाती हैं और एक से दो घंटे अभ्यास करती हैं। इसके बाद सुबह 9:30 बजे कार्यालय पहुंचती हैं। नियमित कसरत अब उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है।

महिलाओं को दिया मजबूत बनने का संदेश

नीतू चौहान चाहती हैं कि अधिक से अधिक महिलाएं पावरलिफ्टिंग से जुड़ें। उनके अनुसार यह खेल न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ाता है, बल्कि आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता भी विकसित करता है। वह कहती हैं, ताकत सिर्फ शरीर में नहीं, आपके इरादों में होती है। जब एक महिला बारबेल उठाती है, तो वह केवल वजन नहीं उठाती, बल्कि समाज की उस रूढ़िवादी सोच को भी चुनौती देती है, जो उसे कमजोर समझती है।

खिलाड़ियों को समय पर मिले प्रोत्साहन राशि

नीतू चौहान के अनुसार पावरलिफ्टिंग एक खर्चीला खेल है। इसमें अभ्यास के साथ-साथ डाइट, प्रतियोगिता की पोशाक और अन्य जरूरी संसाधनों पर भी खर्च होता है। ऐसे में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को समय पर प्रोत्साहन राशि मिलना जरूरी है। उनका कहना है कि आर्थिक सहायता में देरी से खिलाड़ियों का मनोबल प्रभावित होता है और कुछ खिलाड़ी खेल छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि समय पर जारी की जाए, ताकि उनकी मेहनत को उचित सम्मान मिले और वे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित रहें।